## खबर संक्षेप

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम के लिये अधिकारियों की ड्यूटी लगी

**कटनी।** स्कूल चलें हम अभियान के तहत शालाओं में 4 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इस परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने बुधवार 2 अप्रैल को जिले की सभी शासकीय शालाओं में आयोजित होने वाले ''भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम के लिये 99 अधिकारियों की ड्यूटी आदेश जारी किया है। इसमें सभी संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के जिलाधिकारियों और जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इन सभी अधिकारियों को बुधवार को आयोजित ''भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम में शामिल होने के बाद छात्रों की दर्ज संख्या, कार्यरत शिक्षक सहित शाला में साफ-सफाई, पीने के पानी की उपलब्धता और मध्यान्ह भोजन की उपलब्धता व गुणवत्ता तथा हैण्ड वॉश यूनिट की उपलब्धता और स्कूल में उपयोग होने वाले टॉयलेट की उपलब्धता के अलावा शाला भवन की स्थिति का भी प्रतिवेदन कलेक्टर श्री यादव को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

### बड़े बड़े बोल्डर डालने के बाद बिछाई मुरम, बदल गया नहर का स्वरूप

# माइनर नहर की मेढ़ पर निजी स्कूल ने बनवा दी सड़क, जिम्मेदार बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

उमरियापान के समीप बिछिया माईनर नहर के ऊपर पकरिया में ग्रेस मिशन इंग्लिश मीडियम स्कूल के द्वारा शासन के नियमों को रौंदकर शासन के अधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि पर सड़क बनवाई जा रही है।यह सड़क निजी स्कूल सिर्फ अपने उपयोग में ले रहा है। इस पूरे मामले पर कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्र-4 सिहोरा, जिला जबलपुर और स्कूल प्रबंधन की भूमिका सवालों के घेरे में है। कार्यपालन यंत्री अपने ही बयानों में घिरते दिखे। उन्होंने पहले कहा कि हमनें किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं दी है।मामले की जांच करूँगा। मामले ने तूल पकड़ा तो फिर कहा कि सड़क बनाने की अनुमति देने का अधिकार नहीं है। सिर्फ मुरुम डालने की अनुमति दी है जबकि हकीकत यह है कि माइनर नहर की मेढ़ के ऊपर स्कूल प्रबंधन ने पहले तो बड़े बड़े बोल्डर (पत्थर) डालें गए और फिर जेसीबी मशीन के माध्यम से मुरम बिछाई गई। जिस माइनर नहर की मेढ़ पर सड़क का निर्माण



कराया जा रहा है,उससे नहर का स्वरूप बदल गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि कार्यपालन यंत्री ने नियमों को ताक पर रखकर स्कूल प्रबंधन से सांठगांठ करते हुए और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराये बिना ही निजी संस्थान को लाभ पहुंचाने की मंशा से अनुमति दी गई है। जबकि यह कार्यपालन यंत्री के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

निजी संस्थान ग्रेस मिशन स्कूल के द्वारा कार्यपालन यंत्री से सांठगांठ करते हुये नहर की भूमि में सड़क बनाने की अनुमति के लिए पत्राचार किया।कार्यपालन यंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराये बिना ही एक निजी संस्थान को नियम विरूद्ध तरीके से अनुमति का कागज थमा दिया। कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्र-4 सिहोरा के द्वारा दी गई अनुमति संदिग्ध प्रतीत हो रही है। चूंकि स्कूल प्रबंधन के द्वारा दिनांक 21 मार्च 2024 को कार्यपालन यंत्री सिहोरा को पत्र लिखा। कार्यपालन यंत्री के द्वारा पत्र के कुछ ही दिनों के पश्चात 27 मार्च 2024 को सड़क बनाने की अनुमति स्कूल प्रबंधन को दी गई है। इसके अलावा स्कूल प्रबंधन को दी अनुमति में महत्वपूर्ण जानकारी भी छुपाई गई है। ग्रामीणों ने अधिकारियों और स्कूल प्रबंधन पर सांठगांठ के आरोप मढ़े हैं।

#### इनका कहना है

पहले कहा सड़क निर्माण के संबंध में कोई जानकारी नहीं है।हमनें कोई अनुमति नहीं दी है। फिर बोले सड़क निर्माण की अनुमति देने का अधिकार मुझे नहीं है। मुरुम डालने की अनुमति दी है।पत्थर डालें गए है तो जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

**-अनिल तिवारी,** कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास, संभाग क्र.-4 सिहोरा

सड़क का अस्थायी निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके लिए संबंधित विभाग से बकायदा परमिशन ली गई है, फिर काम शुरू किया गया है।

**-अंजली जैकब,** प्राचार्य ग्रेस मिशन स्कूल



# पुलिसिया गिरफ्त में चोर पांच हजार रूपए बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बाकल पुलिस ने चोरी के मामले में एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल ने बताया कि ग्राम पटोरी खुर्द में अज्ञात चोरो द्वारा कमरे में पीछे तरफ से दीवाल खोदकर आलमारी का ताला तोडकर कुल नगदी 46500/-रूपये चोरी करके ले गए थे। रूपए चोरी करके ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कर एसपी व एएसपी के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद के दिशा निर्देशन मे चोरो के विरूद्ध टीम बनाकर त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। प्रकरण मे संदेही आरोपी कददू उर्फ राहुल मांझी पिता वंशीलाल मांझी 23 साल निवासी

#### ग्राम पटौरी खुर्द में सेंधमारी कर पार किये थे 46 हजार रूपए

घुघरा चौकी बिलहरी से पूछताछ पर ग्राम पटोरी खुर्द से रूपए की चोरी करना बताया। उक्त आरोपी से 5000 रूपये नकदी बरामद की किया गया है। आरोपी ने पूछताछ में दो साथियो के नकबजनी करने मे शामिल होना एवं वर्तमान मे फरार होना बताया। प्रकरण के अन्य फरार आरोपियो की धर-पकड़ जारी है। कार्यवाही में थाना प्रभारी उप.निरी. प्रतीक्षा सिंह चंदेल, सउनि बीएम चौधरी, प्रआर. अवधेश मिश्रा, आर. राजभान पटेल, आर. इन्द्रभान मर्सकोले , की विशेष भूमिका रही।

#### राजीव गांधी वार्ड के लोगों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# धार्मिक स्थल के समीप शराब दुकान खोले जाने से नागरिकों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

नियमों विरूद्ध तरीके से शराब दुकान खोले जाने का विरोध करते हुए नागरिकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अन्यत्र स्थान पर शराब दुकान खोले जाने की मांग की है। बताया जाता है कि राजीव गांधी वार्ड में सांई मंदिर एवं सत्यनारायण मंदिर के पास अंग्रेजी व देशी दुकान खोले जाने की चर्चा पर स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन दिया है जिसमें बताया गया कि आम जन मानस में चर्चा है कि अंग्रजी व देशी शराब दुकान संचालक द्वारा आबकारी नियमो की अवहेलना



करते हुए शराब दुकान लिपि आपत्ति स्थल पर खोलने का प्रयास किया जा रहा है। जन प्रतिनिधियो व प्रशासनिक अधिकारीयो की बैठक में ऐसे स्थल का चयन किया चाहिए जिसमें जन मानस को कोई आपत्ति ना हो और व्यवसायिक स्थल के आयपास, आबादी, शैक्षणिक संस्थान धार्मिक स्थल इत्यादि नही होने चाहिए।

आम जनता को शराब दुकान खुलने पर घोर आपत्ति है, उक्त स्थल से 50 मीटर के दायरे में सत्नारायण मंदिर, सिद्ध बाबा मंदिर, साई मंदिर, शेरा वाली मंदिर, स्थित एवं स्थानीय लोगो द्वारा समाजिक एवं धार्मिक आयोजन किये जाते है तथा गणेश जी एवं दुर्गा जी की प्रतिमा स्थापित की जाती है एवं यहां पर शहर की पब्लिक एवं भक्तगणो का आना रहता है। जिसस लागो की धार्मिक आस्था आहत होगी।

उक्त स्थल से 50 मीटर के दायरे में आस-पास अनेक स्कूल संचालित है जैसे, ज्योति शिक्षा निकेतन, एचबी मैमोरियल, प्यूष स्कूल, संचालित है. जहां बच्चे एवं बच्चियां पढ़ते है। और उक्त मार्ग से आना जाना लगा रहता है। उक्त शराब का खोला जाना शासन के नियमों के विरुद्ध है।

# जिला अस्पताल के स्टाफ पर बेपरवाही के लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला अस्पताल में इलाज के लिए पहुंची प्रसूताओं ने स्टाफ पर उपेक्षा का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार ज्योति पति अजीत कुमार पटेल 24 वर्ष निवासी रीठी बिरूहली सोमवार रात 9:00 बजे प्रसव पीड़ा होने पर जिला अस्पताल पहुंची थी लेकिन यहां ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग स्टाफ द्वारा प्रसूता का इलाज नहीं किये जाने के आरोप प्रसूता के पति अजीत द्वारा लगाये गए है। पति का कहना है कि उपस्थित स्टाफ मोबाइल चलाने में व्यस्त था मजबूरन उन्हें मंगलवार सुबह तड़के ज्योति को जिला अस्पताल से एक निजी अस्पताल ले जाना पड़ा । इसी वार्ड में भर्ती मोनी पाल पति दीनदयाल जो की भरौला उमरिया निवासी है बीती रात्रि 12 बजे उमरिया से रेफर होकर जिला अस्पताल पहुंची थी प्रसूता को खून की कमी थी लेकिन स्टाफ द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया जिस कारण प्रसूता के परिजन उसे रात 3:00 बजे मजबूरन निजी अस्पताल इलाज के लिए लेकर पहुंचे। इसी तरह यहां पहुंची दो अन्य प्रसूताओ को भी प्राइवेट अस्पताल नर्सिंग स्टाफ द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण जाना पड़ा।

जिला अस्पताल में व्याप्त अवस्थाओं एवं स्टाफ की बेपरवाही के चलते प्रसूता को परेशान होना पड़ रहा है।

ज्योति के परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं एवं स्टाफ की मनमानी की शिकायत 181 पर की गई है। जिला अस्पताल प्रबंधन अब ज्योति के परिजनों को शिकायत वापस लेने दबाव बना रहा है ऐसा आरोप ज्योति के परिजनों ने लगाया है।

# कन्या हाई स्कूल से प्रवेश उत्सव की जानकारी देने गांव में रैली का भमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

नए शिक्षा सत्र के आरंभ होते ही विद्यालय खुल गए और स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया गया शासकीय बालक हायर सेकेण्डरी संकुल ,शासकीय कन्या हाई स्कूल ,माध्यमिक ,प्राथमिक के माध्यम से ग्राम के लोगों को प्रवेश उत्सव जानकारी देकर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया । मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी,पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत राय,सरपंच पंचों बाई ,जनशिक्षक संतोष बर्मन , रवि राय ,तुलसी नामदेव ने पूरे गांव



का भ्रमण किया । जहां ग्रामीण और पालकगण मौजूद थे वहीं छात्र छात्राओं का स्कूल में स्वागत हुआ प्रवेश उत्सव में शिक्षकों ने बच्चों का पुष्पाहारों से स्वागत किया नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को शिक्षकों द्वारा तिलक लगाकर एवं मूंह मीठा कराकर पुष्पहारों से स्वागत किया गया एवं छात्र-छात्राओं को पुस्तक वितरण की गई।

### निःशुल्क नेत्र परीक्षण कर चश्में किये वितरित

**कटनी।** अमीर गंज क्षेत्र में नेत्र परीक्षण और चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिले के दिव्यांग जनों के साथ साथ जरूरत मंद लोगों ने भी सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट से आये दक्ष चिकत्सकों के अनुभव का निःशुल्क लाभ लिया। शिविर में करीब दो सैकड़ा मरीजों के नेत्रों का निःशुल्क परीक्षण के उपरांत 109 लोगों को मौके पर ही निःशुल्क चश्मा वितरित किया गया। शिविर में पहुंचे अनेक ऐसे मरीज भी थे, जिन्हें दवाईयां और ड्राफ़्स मुफ्त प्रदान किया गया। 9 मरीज ऐसे भी आये थे जिन्हें चिकित्सक मंडल के सदस्यों द्वारा आपरेशन कराने की सलाह दी गयी।

### जिला से लेकर ग्राम पंचायतों में आयोजित हुई जनसुनवाई

# घर से निकाले जाने तो किसी ने राशि गबन करने दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में 103आवेदकों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं गईं। जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायतों, तहसील और विकासखंड मुख्यालयों में भी किया गया।जहां पहुँचे आवेदकों ने अपनी समस्यायें बताई एवं आवेदन दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर निधि सिंह, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, संस्कृति शर्मा, विवेक गुप्ता, ज्योति लिल्हारे मौजूद रहें।

ग्राम गैरतला तहसील विजयराघवगढ़ निवासी राकेश कुमार द्विवेदी पिता रामदत्त द्विवेदी ने आवेदन देते हुए बताया कि मेरी भूमि जिसका खसरा नंबर 861/9997/3 व 1060 है। यह भूमि कुटेश्वर लाइम स्टोन माइंस के द्वारा अधिग्रहित कर इसका उपयोग किया जा रहा है।



जिससे मैं इस भूमि पर कृषि कार्य नहीं कर पा रहा हूँ। जिससे मेरे परिवार का भरण-पोषण नहीं हो पा रहा है। इसलिए मुझे कुटेश्वर लाइम स्टोन में रोजगार दिलाया जाय। जिस पर माइनिंग विभाग एवं एसडीएम विजयराघवगढ़ को समय-सीमा में उचित कार्यवाही करने के निर्देश जनसुनवाई में दिये गये।

#### राशि गबन की करें जांच

जनसुनवाई के दौरान बहोरीबंद डिहुटा निवासी आवेदक लल्लू सिंह द्वारा आवेदन देते हुए बताया गया कि नन्हीबाई यादव पति स्व. जगदीश यादव के नाम पर पीएम आवास मंजूर हुआ था। जिसकी प्रथम किश्त 25 हजार रूपये तत्कालीन ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, सहायक सचिव एवं इंजीनियर श्री वर्मा द्वारा नन्हीबाई पति स्व. नंदू यादव के खाते नंबर 34099032945 में डालकर निकलवा ली गई। शिकायत करने पर 40-40 हजार रूपये की दो किश्त नन्हीबाई यादव पति जगदीश के खाता नं. 33480524748 में दी गई। परंतु पुनः आखिरी किश्त 15 हजार रूपये फर्जी खाते में डालकर गबन कर लिया गया। जिस पर सीईओ जनपद पंचायत बहोरीबंद को समय-सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

#### जांच कर करें कार्यवाही

ग्राम छिंदहाई पिपरिया निवासी राममिलन पटेल पिता स्व. मुलई पटेल ने आवेदन देते हुए बताया कि मेरे पुत्र शारदा प्रसाद की मृत्यु हो जाने के उपरांत बहू रामप्यारी द्वारा कृषि भूमि एवं मकान जो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाया गया था, अपने रिश्तेदारों के सहयोग से मारपीट कर मुझे निकाल दिया गया है। जिसके संबंध में मैंने पुलिस थाना बरही एवं तहसीलदार बरही के समक्ष शिकायत की परंतु कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। जिस पर एसडीएम विजयराघवगढ़ एवं तहसील बरही को समय-सीमा में नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।



खबर संक्षेप

## तालाब के आसपास ग्रामवासियों के सहयोग से की गई सफाई

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड कटनी में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद परिषद के मार्गदर्शन में सेक्टर क्रमांक एक मझगवां फाटक के आदर्श ग्राम देवडोंगरा में नवांकुर संस्था दृष्टि मानव विकास समिति देवडोंगरा सेक्टर प्रभारी मनीष पांडेय के नेतृत्व में ग्राम देवडोंगरा के डबरी तालाब के आस-पास लगी हुई झाड़ियों और कचरे की ग्रामवासियों के सहयोग से साफ-सफाई की गई। इसके अलावा आस-पास जमा गंदगी की साफ-सफाई भी की गई। जिससे शासन और समाज के सहयोग से जल स्त्रोतों का संरक्षण किया जा सके और जन समुदाय को भविष्य में जल को लेकर होने वाली परेशानियों से बचाया जा सके और जागरूक किया जा सके। श्रमदान कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के सचिव दुर्गा शंकर शुक्ला, गया शंकर शुक्ला, संजय पांडेय , शिवचरण दुबे, अमृत लाल यादव, हीरालाल यादव,मिहीलाल लाल चौधरी, कमलेश चौधरी, मुकेश चौधरी एवं अन्य ग्रामीणों का सहयोग प्राप्त हुआ।

## कोदो की रोटी खाने से चार लोग हुए बीमार

**कटनी।** कोदो की रोटी खाने से एक ही परिवार के 4 लोग बीमार हो गए हैं। घटना रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हथकुरी में हुई। सभी पीड़ितों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपचार के बाद हालत में सुधार बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार हथकुरी निवासी रामशिरोमणि त्रिपाठी 85 साल, गुजरतिया त्रिपाठी 75 साल, उमेश त्रिपाठी 37 साल, आरती त्रिपाठी 35 साल सोमवार को घर में सभी ने खाना खाया। उमेश त्रिपाठी ने बताया कि सभी ने कोदों की रोटी खाई। खाना खाते ही एक-एक करके अचेत होने लगे। उमेश त्रिपाठी ने तत्प्रता दिखाते हुए 108 एम्बुलेंस बुलाई और जिला अस्पताल पहुंचे। उपचार के बाद चारों के हालत में सुधार है।

## हाईटेंशन तार टूटकर गिरने से खेत में लगी आग, टला हादसा

**कटनी।** उमरियापान क्षेत्र के कुम्ही रोड स्थित बिजली की हाई टेंशन तार टूट कर गिरने के कारण एक खेत में आग लग गई। खेत में तेजी से फैलती आग की सूचना मिलते ही उमरिया पान पुलिस वहां पहुंच गई और स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल आग पर काबू पा लिया। यदि समय रहते आग पर काबू न पाया जाता तो कोई बड़ी अनहोनी भी घटित हो सकती थी। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि उमरिया पान थाना अंतर्गत कुम्ही रोड एमपीवी ऑफिस के सामने अशोक तिवारी के खेत में हाई टेंशन लाइट का तार टूट जाने से खेत में लगी आग के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के लोगों की मदद से आग को बुझाया गया, यदि तत्काल मौके पर आग को बुझाया नहीं जाता तो बहुत ही गंभीर घटना घटित हो सकती थी। पुलिस द्वारा घटना की जानकारी लगते ही तत्परता पूर्वक कार्यवाही की गई है।

## विद्यार्थियों ने थाना परिसर का किया भ्रमण

**कटनी।** संकुल सिहुडी, बाकल तथा कूड़ा के माध्यमिक विद्यालय के करीब 125 छात्र-छात्राओं को थाना का भ्रमण कराया गया। कार्य के दौरान पुलिस के सामने आने वाली चुनौतियों एवं पुलिस की कार्यशैली से छात्र-छात्राओं को परिचित कराने एवं छात्र-छात्राओं के मन में पुलिस की छवि को सकारात्मक बनाने के उद्देश्य से थाना परिसर का भ्रमण कराया गया। थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि माध्यमिक विद्यालय के करीब 125 छात्र-छात्राओं को थाना भवन बहोरीबंद का भ्रमण कराकर पुलिस सेवा के बारे में जानकारी दी गई, तथा साइबर सुरक्षा, साइबर अरेस्ट के संबंध में जानकारी देकर बचाव के उपाय बताए गए। भ्रमण कार्यक्रम में शिक्षक पवन त्रिपाठी, सीताराम विश्वकर्मा, बाबूलाल सोनी तथा कस्बा के प्रतिष्ठित व्यक्ति लोकेश व्यवहार सहित तीन जन शिक्षक, चार शिक्षक तथा दो महिला शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

# अवैध शराब बिक्री पर सामूहिक रूप से करें सख्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में विभागीय कार्यो सहित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत भैसवाही, विजयराघवगढ़, विलायतकला में नागरिकों से प्राप्त आवेदनों में विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही के प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री यादव ने स्पष्ट किया है कि प्राप्त आवेदनों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में सीईओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, ज्योति लिल्हारे ,डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी एवं विवेक गुप्ता एवं सभी एसडीएम सहित जिला विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।





### अधिकारियों से करें चर्चा

शासन के निर्देशानुसार जिले के समस्त कार्यालयों में लागू होने वाली ई-ऑफिस प्रणाली के लिए कर्मचारियों की तैयार की जाने वाली आई डी की समीक्षा के दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी प्रफुल्ल श्रीवास्तव द्वारा जानकारी दी गई कि वर्तमान में 6 विभागों का ई-ऑफिस पंजीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है तथा उनके द्वारा फाईलों का मूवमेंट भी किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कार्यालय औद्योगिक तकनीकी संस्थान, मत्स्य विभाग, आर ई एस, नागरिक आपूर्ति विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, हाउसिंग बोर्ड, नगर निगम, महिला एवं बाल विकास आदि कार्यालयों मे कर्मचारियों की ई- मेल आई डी अभी तक तैयार नहीं हो पाने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। जिस पर कलेक्टर श्री यादव द्वारा विभागीय अधिकारियों द्वारा आई.डी तैयार नहीं होने के संबंध में की गई कार्यवाही की समीक्षा की जाकर वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क कर शीघ्र ही समस्याओं का निराकरण करनें के निर्देश दिए गए।

### शीघ्र प्रस्तुत करें विभागीय टारगेट

बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने विभागीय अधिकारियों को पूर्व वर्ष का निर्धारित टारगेट एवं टारगेट के विरूद्ध प्राप्ति की जानकारी 15 अप्रैल तक अपर कलेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत करनें के निर्देश दिए।

### लाभ से हितग्राही न रहें वंचित

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने बैठक के दौरान जनसंवाद सह लोकसुनवाई कार्यक्रम के दौरान गरीबी रेखा सर्वे सूचि में नाम जोड़नें हेतु प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीपीएल सूची के पात्रतानुसार नाम जोडनें के पश्चात अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि हितग्राही को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है अथवा नहीं। इस हेतु वे नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए आवेदकों को पात्रतानुसार शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करनें की कार्यवाही सुनिचित करें। इस दौरान कलेक्टर नें संबल योजना, आयुष्मान कार्ड योजना तथा लाड़ली बहना योजना की भी समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### अवैध शराब के विरूद्ध करें सामूहिक कार्यवाही

कलेक्टर श्री यादव ने बैठक के दौरान जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि वे पुलिस के साथ सामूहिक अभियान चलाकर अवैध शराब बिक्री पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। स्कूलों के पास स्थित मदिरा दुकानों के संचालन संबंधी प्राप्त शिकायतों पर भी प्राथमिकता के साथ निरीक्षण कर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव नें विद्युत विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, जिला आपूर्ति अधिकारी, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, एवं चिकित्सा विभाग के कार्यो की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान समस्त एस.डी.एम, आयुक्त नगर निगम नीलेश दुबे, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी रही।

### कार्ययोजना बनाकर पेयजल समस्या का करें निराकरण

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने पी एच ई के कार्य पालन यंत्री कालू सिंह डामोर को निर्देशित किया कि ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व वर्ष में जिन पंचायतों में पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ा था, उनका अभी से निरीक्षण कर पेयजल आपूर्ति हेतु आवश्यक प्रपोजल आदि बनानें की कार्यवाही पूर्ण कर ली जावें। जनपद पंचायत के सीईओ पीएचई विभाग के माध्यम से बिगड़े हेंडपंपों के सुधार के कार्य के साथ ही आवश्यकतानुसार ट्यूबवैल खनन का कार्य प्राथमिकता से कराना सुनिश्चित करें।

*राजस्व अधिकारियों को कार्य में और तेजी लाने के दिये निर्देश*

# किसानों की फार्मर रजिस्ट्री के मामले में कटनी प्रदेश के प्रथम 6 जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसानों के फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया संपादन के मामले में कटनी जिला प्रदेश के प्रथम 6 जिलों में शामिल है। जिले में अब तक 1लाख 46 हजार 935 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य संपादित किया जा चुका है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को राजस्व अधिकारियों को इस कार्य में और अधिक तेजी लाने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि किसानों की प्राथमिकता से फार्मर रजिस्ट्री कराया जाना सुनिश्चित हो।

जिले में अब तक बने फार्मर आईडी में से कटनी नगर में 8 हजार 910 , स्लीमनाबाद तहसील में 16 हजार 176, बहोरीबंद तहसील में 23 हजार 560, कटनी ग्रामीण में 9 हजार 340 फार्मर आई डी बनाये जा चुके हैं। इसी प्रकार बरही तहसील में 15 हजार 562, विजयराघवगढ़ तहसील में 26 हजार 137,रीठी तहसील में 20 हजार 59,बडवारा तहसील में 14हजार 603 और ढीमरखेड़ा तहसील में अब तक 23 हजार 5 किसानों के फार्मर आई डी बनाये जा चुके हैं।



### फार्मर आई डी के लाभ

फार्मर आई डी के तहत कृषकों को आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हो सके तथा हितग्राही मूलक योजनाओं का निर्धारण एवं सत्यापन की प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक कृषक भूस्वामी को एक यूनिक आईडी भारत सरकार द्वारा जनरेट कर प्रदान की जा रही है।

शासन द्वारा पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर आई.डी का होना अनिवार्य किया गया है ।इस हेतु कलेक्टर श्री यादव ने समस्त पीएम किसान हितग्राहियों की फार्मर आई.डी बनाने हेतु कैम्प का आयोजन करने के दिशा-निर्देश कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने राजस्व अधिकारियों को दिए है।

कटनी जिले में फार्मर आई डी बनाने के मामले में नायब तहसीलदार श्री शिवभूषण सिंह की निगरानी में कटनी नगर का राजस्व निरीक्षक मंडल कन्हवारा जिले में पहले स्थान पर है। यहां अब तक 5 हजार 65 फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है। जबकि रीठी तहसील का बड़गांव तहसील फार्मर आईडी बनाने के मामले में जिले में अंतिम पायदान पर है।

## खितौली बालिका छात्रावास में मनाया प्रवेशोत्सव



बरही तहसील अंतर्गत खितौली बालिका छात्रावास में 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें नवप्रवेशी छात्राओं का तिलक वंदन कर मीठा खिलाकर स्वागत किया गया कटनी जिले का अग्रणी अंतिम छोर खितौली में संचालित है नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास छात्राएं को अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी दिए जाते हैं। कार्यक्रम में भाजपा मंडल खितौली अध्यक्ष मनोज तिवारी,ने नवागत छात्राओं का मनोबल बढ़ाते कहा कि आप मन लगाकर पढ़ाई करिए यहां पर आपको कोई दिक्कत नहीं है और अपने माता पिता का नाम रोशन करिए,इस दौरान वार्डन श्रीमती सीमा सिंह, समस्त शिक्षिका एवं छात्राओं की उपस्थिति रही।

# महिला सहित पांच व्यक्तियों के पास से जब्त की गई 20 लीटर कच्ची शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कच्ची शराब बेचने वालों के विरूद्ध बिलहरी चौकी पुलिस ने कार्यवाही की है। कार्यवाही के दौरान एक महिला सहित पांच व्यक्तियों के पास से 20 लीटर शराब जब्त की गई है। चौकी प्रभारी एसआई सुयश पांडेय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा अवैध शराब का निर्माण व बिक्री करने वालो पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहेरिया व नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा व थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में मंगलवार को मुखबिर सूचना के आधार पर अलग अलग स्थानों पर दबिश देकर पांच व्यक्तियों के पास से शराब जब्त की गई। राम शरण बर्मन पिता राम प्रसाद बर्मन 47 वर्ष निवासी खमरिया से 5 लीटर, शुभम बर्मन पिता मनीष बर्मन उम्र 39 साल निवासी खरखरी से तीन लीटर, पुरुषोत्तम गोंड पिता मल्लू गोंड उम्र 30 साल निवासी करहिया खुर्द से चार लीटर, कमलाबाई चक्रवर्ती पति हुकुमचंद चक्रवर्ती उम्र 56 साल निवासी घुघरा से पांच लीटर एवं सोने लाल यादव पिता भरोसा यादव 65 वर्ष निवासी ग्राम खरखरी तीन लीटर से अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की गई है। आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई ।



*जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया जा रहा प्रेरित*

# रैली और दीवार लेखन से दी गई जल संरक्षण व संवर्धन के महत्व की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल गंगा संवर्धन - अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में - जलस्त्रोतों तथा नदी, कुंओं, तालाबों, बावड़ियों सहित अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिये संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड बहोरीबंद में जागरूकता रैली और दीवार लेखन कर ग्रामीणों को जल संरक्षण और संवर्धन की जानकारी दी गई। म.प्र जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम में अध्यनरत सभी छात्रों को अभियान के अंतर्गत परामर्शदाता अवधेश बैरागी एवं रामसिंह पटेल द्वारा जल स्त्रोत के संवर्धन हेतु जन सहभागिता से कार्य किया जाना जिसमें कुआं, तालाब, नदी आदि जल स्त्रोत की साफ - सफाई ,गहरीकरण श्रमदान द्वारा करने , पानी को रोकने एवं सहेजने हेतु ग्रामीणों को प्रेरित करने के साथ ही सभी छात्र अपने प्रयोगशाला और गांव में दीवार लेखन के माध्यम से जल संरक्षण का प्रचार -प्रसार करने हेतु छात्रों को प्रेरित किया गया साथ ही छात्रों द्वारा रैली एवं नारों द्वारा दादा-दादी करें गुहार, पानी जल बचाओ बारंबार । जैसे नारे के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया ।इस अभियान में परामर्शदाता अवधेश बैरागी, रामसिंह पटेल, विनोद सिंह, आशीष तिवारी, उमा अवस्थी साथ ही छात्र अनुज सेन, मोहित बैरागी, श्रृद्धा गुप्ता, वर्षा नीलम आदि का सराहनीय सहयोग रहा।



### जन- आंदोलन बनाने की पहल

कलेक्टर के निर्देश पर दीवार लेखन के माध्यम से प्रेरक और जल की महत्ता बताने वाले नारों का लेखन कर जल गंगा संवर्धन अभियान को जन- आंदोलन बनाने की पहल की जा रही है। जिले के कई गांवों की दीवारें इन दिनों ग्रामीणों को पानी बचाने और सहेजने तथा जलसंरचनाओं के सुधार और मरम्मत करने की जानकारी दे रहीं हैं। इनमें से एक नारा है -बूंद-बूंद में शक्ति है,जीवन की ये भक्ति है। इसी प्रकार- पानी नहीं तो पियोगे क्या? बिना पानी जियोगे क्या? जैसे नारे ग्रामीणों के जेहन को झकझोर कर जल की महत्ता से अवगत करा रहे हैं।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हुए कई अहम निर्णय

# हादसे रोकने चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर संकेतक, रिफ्लेक्टर लगवायें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने शहर में सुगम आवागमन हेतु पार्किंग स्थलों का निर्धारण कर पार्किंग की सुविधा प्रदान करनें के साथ ही दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील ब्लैक स्पाट स्थलों पर दुर्घटना की रोकथाम हेतु चिन्हित स्थलों पर संकेतक, रिफ्लेक्टर, ब्लिंकर आदि लगवानें के निर्देश अधिकारियों को दिए है। कलेक्टर ने यह निर्देश मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मे दिए।



कलेक्टर ने बैठक मे दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सड़क से जुड़े विभिन्न विषयों पर अधिकारियों को जरूरी हिदायतें देते हुए प्रभावी कदम उठाने और कारगर पहल करने के निर्देश दिए। बैठक में सुगम यातायात हेतु कटनी नगर के पांच स्थलों स्टेशन मार्ग स्थित गुलाबचंद स्कूल, रेल्वे स्टेशन ब्रिज एग्जिट गेट, अंजूमन स्कूल, विश्वकर्मा पार्क, चौपाटी आदि स्थलों में पार्किंग की सुविधा प्रदान करते हुए टेंडर आदि की कार्यवाही करनें के निर्देश निगमायुक्त नीलेश दुबे को दिए। बैठक के दौरान शहर में संचालित ऑटो पार्टस की दुकानों में तेज आवाज करने वाले साईलेंसर पर प्रतिबंध लगानें हेतु अनुविभागीय अधिकारी कटनी को दल गठित कर कार्यवाही करनें के निर्देश कलेक्टर श्री यादव नें दिए।

बैठक के दौरान सुलभ यातायात हेतु शहर के अंदर प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने खिरहनी ओव्हर ब्रिज के नीचे संचालित भारतीय स्टेट बैंक एवं बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करानें, शहर में नो पार्किंग स्थलों का चयन कर नो पार्किंग का बोर्ड लगाने और पीर बाबा बायपास से पन्ना नाका एवं जुहला बाईपास से गर्ग चौराहा तक निर्धारित दूरी पर वाहनों की गति नियंत्रण हेतु 6 लेयर रंबल स्ट्रिप, सांकेतिक बोर्ड, दिशा सूचक आदि सांकेतिक बोर्ड लगाने जाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान सुगम यातायात को दृष्टिगत रखते हुए आजाद चौक में वर्कशॉप दुकानों पर सडक पर अतिक्रमण कर वाहन मरम्मत करनें वालों को हिदायत देते हुए कार्यवाही करनें, ई-रिक्शा स्टॉपेज स्थल पर चयन करनें तथा ट्रेक्टर ट्रालियों के पीछे अनिवार्यतः रेडियम पट्टी लगवाने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव नें जिला शिक्षा अधिकारी को आर.टी.ओ, ट्रेफिक, बीआरसी की टीम गठित कर स्कूली वाहनों के वाहन चालकों का पुलिस वेरिफिकेशन, दस्तावेजों की जांच, योग्यता आदि का परीक्षण करानें हेतु निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री यादव ने निर्माणाधीन सड़कों, पुलिया आदि के डायवर्सन की जानकारी बड़े संकेतक बोर्ड लगाकर देने की हिदायत अफसरों को दी। कलेक्टर ने दुर्घटना की दृष्टि से चिन्हित ब्लैक स्पॉट, लखापतेरी, झिंझरी, बायपास चाका चौराहा, सुरखी टेंक, सरसवाही मोड़ और जुहला बायपास आदि स्थानों में स्थानीय जरूरतों के मुताबिक प्रकाश व्यवस्था, संकेतक, रिफ्लेक्टर ब्लिंकर, रम्बल स्ट्रिप आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने की हिदायत दी है।

बैठक मे सड़क निर्माण से जुड़े विभागों के कार्यपालन यंत्री व प्रबंधक सहित राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी और सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# उन्नत नस्ल की गाय के लिए पुरस्कार योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारतीय गौवंशीय गायों के संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए विशेष पुरस्कार योजना की घोषणा की गई है। इस योजना के तहत जिले के पशुपालक 2 अप्रैल से 4 अप्रैल 2025 तक पंजीयन करा सकते हैं। उच्च उत्पादकता वाली गायों को विशेष पुरस्कार दिया जायेगा। जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 11 हजार रुपये और राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार दो लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार एक लाख रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 50 हजार रुपये दिया जायेगा।

अधिक जानकारी के लिए पशु पालन विभाग कटनी, के नजदीकी पशु चिकित्सा केन्द्र से सम्पर्क किया जा सकता है। उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग डॉ आर के सोनी ने बताया कि इस योजना के तहत विकास खंड स्तर में चयनित पात्र गायों के तीन टाईम के दूध उत्पादन का मूल्यांकन का कार्य 5, 6 एवं 7अप्रैल को पशु पालकों के परिसर में विभाग द्वारा गठित दल द्वारा किया जायेगा, ।जिसके आधार पर जिला स्तरीय कमेटी द्वारा योग्य एवं अधिकतम दुग्ध उत्पादन वाली गायों को प्रथम, द्वितीय , एवं तृतीय घोषित कर पुरस्कृत किया जायेगा। डॉ सोनी ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य पशु पालकों के बीच देशी एवं भारतीय नस्लों को बढ़ावा देना और उच्च दूध उत्पादकता को प्रोत्साहित करना है।

### तीन टाइम दूध के उत्पादन का गठित दल करेगा मूल्यांकन

खबर संक्षेप

## जनसुनवाई में 160 आवेदनों पर सुनवाई

**दमोह** । कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 160 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 108 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही पी एम सम्मान निधि के 02 तथा पुनरावृत्ति के 06 आवदेन प्राप्त हुए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## निषादराज जयंती पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**दमोह**। जिला रैकवार माझी समाज दमोह के द्वारा प्रभु श्री राम के सखा रैकवार माझी समाज के आराध्य देव भगवान निषादराज महाराज जी की जयंती पर नवरात्रि की पंचमी पर दिनांक 02 अप्रैल 2025 को विशाल शोभायात्रा शाम 04 बजे महाराणा प्रताप स्कूल के मैदान से निकाली जाएगी। निषादराज जयंती पर आयोजित भव्य शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र प्रभु श्रीराम लक्ष्मण, राधा कृष्ण, निषादराज महाराज की झांकी और डिमरयाई नृत्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी। निषादराज जयंती पर भव्य शोभायात्रा महाराणा प्रताप स्कूल से प्रारंभ होकर पुराना थाना,मोहन टॉकीज, बकौली सांई मंदिर, घंटाघर, एवरेस्ट लॉज,राय तिराहा,स्टेशन चौराहा,बस स्टैंड चौराहा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक चौराहा, अस्पताल चौराहा से भाजपा कार्यालय कीर्ति स्तंभ से, डाक्टर हाऊस के सामने से वापिस निषादराज महाराज जी की शोभायात्रा महाराणा प्रताप स्कूल पहुंचेगी जहां पर प्रसाद वितरण कर यात्रा का समापन किया जाएगा। निषादराज महाराज जी की जयंती पर आयोजित शोभायात्रा में शामिल होने के लिए रैकवार माझी समाज के घरों में पीले चावल देकर निषादराज महाराज जी की जयंती में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया।

### ग्राम हिनौती में प्राचीन खेरमाई का अद्भुत दरबार

# बंजारे को स्वप्न देकर तालाब के घाट के पास से निकली थीं हिनौती खेरमाई में विराजी महामाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जिले के बनवार बांदकपुर मुख्य सड़क से टिकरी पिपरिया से 2 किमी दूर ग्राम हिनौती में प्राचीन खेरमाई का अद्भुत दरबार है। जहां के अलौकिक चमत्कारों का साक्षात्कार भले ही संभव न हो लेकिन मान्यता है कि सच्चे मन से प्रार्थना करने पर माता अपने सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। बुजुर्गों ने बताया कि पहले गांव की बसाहट से दूर खेतों में तालाब के पास माता की प्रतिमा जमीन में पड़ी हुई थी सदियों पुरानी दंतकथा है वहां बंजारे आकर रहते थे। बताते है। किसी एक बंजारे के संतान नहीं थी। बैलगाड़ी से आकर यहां डेरा डालकर ठहरते थे। एक बार बंजारे के मुखिया को माता ने स्वप्न में कहा कि पहाड़ी के पास तालाब के घाट के पास एक पत्थर के नीचे मैं विराजमान हूं, मुझे बाहर निकालो। स्वप्न के बाद जब बंजारे ने घाट पर



जाकर वहां रखे एक पत्थर को सीधा किया तो मां काली की दिव्य और भव्य प्रतिमा नीचे विराजमान थी। जिन्हें सभी बंजारों ने मिलकर बाहर निकला। इसके बाद मां की प्रतिमा को उठाकर कैमा के पेड़ के नीचे स्थापित कर दिया। और पूजन करने लगे मां की कृपा से मां ने



बंजारे की कामना पूर्ण करते हुए उसकी पत्नी की गोद संतान से भर दी। समय बीतता गया। बंजारे डेरा लेकर अपने गांव चले गए। मां उसी पेड़ के नीचे बैठी रही लेकिन बंजारों के जाने के बाद माता वीरान क्षेत्र में बैठी रही और वर्षों तक किसी पूजन नहीं किया तो माता का कोप हिनोति गांव के लोगों पर ऐसा टूटा कि गांव में महामारी फैली गई गांव वीरान हो गया लोग गांव से बाहर चले गए वह बच गए पिपरिया गांव में निवासी दर्शन सिंह को स्वप्न दिया। जिसके बाद पिपरिया गांव के ठाकुर परिवार वहां जाकर माता को पूजने लगा। इसके बाद लोगों ने छोटी सी मड़यिा बनवाई। इसी दौरान पंडा पुजारी माता की सेवा करने लगे। जिससे दूर-दूर के ग्रामीण माता के दरबार में आने लगे। लोगों की मन्नत पूरी होने लगी और मां के नित्य चमत्कारों की वजह से हिनोती खेरमाई की प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैल गई। मां पर अटूट आस्था विश्वास के चलते लोग अपनी मनोकामनाओं को लेकर मां के दरबार में पहुंचने लगे भक्तों के मनोरथ सिद्ध होते चले गए। यही वजह है हिनोति खेर माता का स्थान सिद्ध स्थान बन गया जहाँ नवरात्र पर्व पर भक्त दूर दूर से दर्शनों को पहुंचते है।

### 80 साल पहले कराया था मंदिर का निर्माण

बिरेंद्र सिंह बताते है पहले माता रानी एक पेड़ के नीचे चबूतरा पर विराजमान थीं। उसके बाद मंदिर का निर्माण करीब 80 साल पहले कराया गया था। इस मंदिर में खेर माता की प्रतिमा स्थापित है। जिसमें खेर माता की मूर्ति बहुत ही दिव्य और भव्य रूप में विराजमान है। मां खेर माता के दरबार में अति प्राचीन होने के साथ-साथ चमत्कारी स्थान भी है। जहां पर लोग अपनी मुरादें लेकर आते हैं और मां आशीर्वाद स्वरुप अपने भक्तों की समस्या, दुख, दर्द का निवारण करती हैं।

## किले वाले बाबा के उर्स की तैयारियों हेतु बैठक संपन्न

**हटा**। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हजरत मलंग शाह वली औलिया रहमतुल्ला अलेह किले वाले बाबा साहब बस स्टैंड का सालाना 68 वा उर्स 25 अप्रैल को मनाए जाने हेतु बैठक दरगाह प्रांगण में रखी गई जिसमें निर्णय लिया गया उर्स में हिंदुस्तान की मशहूर फनकार नौशाद अली मुंबई महाराष्ट्र कव्वाल एवं मोहतरमा गुलनाज साबरी आगरा उत्तर प्रदेश कब्बाला के बीच जंगी मुकाबला होगा मीटिंग में कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य वर्धन सिंह हजारी राजेश पटेरिया रशीद अहमद सिद्दीकी, छोटू मिस्त्री साधु पठान, बाबा बैजनाथ, मोटू मिस्त्री, अज्जू हसन, विनोद गुप्ता, फारूक बाबा, सलीम सेठ, मुबीन पठान, भूरे मिस्त्री, हाफिज कवाड़ी, मुस्ताक खान, जावेद मासाब, शोभा सुभाष चौरसिया, अमजद खान सहित सैकड़ों कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

## गणगौर तीज मनाई

**तेंदूखेड़ा**। हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र माह में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को गणगौर तीज मनाई जाती हैं। इस बार गणगौर तीज का व्रत 2 अप्रैल मंगलवार को मनाई गई । हिंदू धर्म में गणगौर पूजा का विशेष महत्व माना गया है। पंडित गोपाल शास्त्री ने बताया कि इस पर्व में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा विधि विधान से की जाती है। यहां गण का अर्थ भगवान शिव एवं गौर का अर्थ माता पार्वती से है। गणगौर का पर्व चैत्र कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से आरंभ होकर चैत्र शुक्ल की तृतीया को गणगौर तीज पर व्रत पूजन के साथ समापन होता है। इस तरह यह पर्व पूरे 16 दिनों तक चलता है। यह दिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी आयु एवं सुखी वैवाहिक जीवन के लिए यह व्रत रखती हैं, जबकि विवाह योग्य कन्याएं मनपसंद वर या जीवनसाथी की कामना से गणगौर तीज व्रत रखती हैं। इसके साथ ही भगवान शिव एवं पार्वती की पूजा विधि विधान के साथ की गई।

## ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई शुरू



**सिंग्रामपुर**। दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की पहल पर ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई शुरू की गई है। इस पहल के तहत, 17 ग्राम पंचायतों के बीच सिंग्रामपुर को जनसुनवाई केंद्र बनाया गया है। हर मंगलवार को यहां जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे और लोगों की समस्याओं का निराकरण करेंगे। इस पहले दिन, सिंग्रामपुर ग्राम पंचायत में आयोजित जनसुनवाई में सात आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। इस अवसर पर जबेरा पंचायत इंस्पेक्टर निरपत सिंह, पटवारी चंद्र मोहन शर्मा, सचिव लाल चंद्र राय, सरपंच प्रतिनिधि अजय सोनकर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, नल जल योजना सुपरवाइजर, विद्युत विभाग के चंदन सिंह सहित अन्य विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विदाई समारोह आयोजित



**दमोह**। वन परिक्षेत्र दमोह में पदस्थ शारदा रैकवार की सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर वन मंडल कार्यालय से अधिकारी और कर्मचारी में उमाशंकर राय, सुधीर बाबू, शरण सोनी, मयंक विश्वकर्मा, दीपक पंडित मध्य प्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ जिला अध्यक्ष संतोष सिंह (बबलू ठा) , जिला उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, संतोष खरे, कीरत सिंह, रूपनारायण विश्वकर्मा, रानू यादव, जवाहर रैकवार, भवानी यादव मनोज रैकवार, जागेश्वर तिवारी और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। उन्होंने शारदा रैकवार को,फूल माला श्रीफल और साल से सम्मानित किया और उनके सेवा कल के लिए धन्यवाद दिया साथी उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। यह एक सुंदर और भावपूर्ण का कार्यक्रम था जो शारदा रैकवार के योगदान और सेवाओं मान्यता देता हैं। मध्य प्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ जिला अध्यक्ष संतोष सिंह (बबलू ठाकुर) की ओर से सभी उपस्थित लोगों को इस समारोह के लिए बधाई एवं धन्यवाद दिया।

## बड़ी खेरमाई मंदिर में होगा कलशारोहण

### वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भक्तिमय माहौल में डूबा मंदिर परिसर, श्रद्धालुओं की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

तेंदूखेड़ा स्थित बड़ी खेर माई मंदिर में आज श्रीमद् देवी भागवत कथा का पंचम दिवस बड़े ही धूमधाम और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मनाया जा रहा है। इस शुभ अवसर पर आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री ने बताया मंदिर में कलशारोहण का भव्य आयोजन होने जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु माता के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति अर्पित करने के लिए एकत्रित हुए हैं। सुबह से ही मंदिर परिसर माता के जयकारों और मंत्रों की गूंज से भक्तिमय हो उठा है। पिछले चार दिनों से चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा में माता दुर्गा की महिमा और उनके दिव्य चरित्र का वर्णन किया जा रहा है। आज का दिन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि कलशारोहण का यह अनुष्ठान माता के प्रति समर्पण और आस्था का प्रतीक माना जाता है। तेंदूखेड़ा और आसपास के क्षेत्रों से आए भक्तों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। सुबह ६ बजे से शुरू होने वाले कलशारोहण के लिए मंदिर को फूलों, रंगोली और दीपों से भव्य रूप से सजाया गया है। वैदिक मंत्रों के साथ मंगल कलश की स्थापना होगी, जिसके बाद पूजन का क्रम शुरू होगा। इसके पश्चात मंदिर के शिखर पर कलश स्थापित करने से



पहले एक भव्य शोभा यात्रा मंदिर परिसर के ग्राउंड में निकाली जाएगी। इस यात्रा में ढोल-नगाड़ों की थाप और माता के जयकारों के साथ सैकड़ों भक्त शामिल होंगे। आयोजन समिति के अनुसार, शोभा यात्रा में तेंदूखेड़ा के साथ-साथ अन्य हिस्सों से भी श्रद्धालु भाग लेंगे। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। महिलाएं पारंपरिक परिधानों और लाल चुनरियों में सजीं, पुरुष कुर्ते-पायजामे में और बच्चे भी इस धार्मिक उत्सव का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं। मंदिर के चारों ओर भक्ति संगीत और मंत्रोच्चारण से वातावरण और भी पवित्र हो गया है। तेंदूखेड़ा के स्थानीय निवासी और अनुष्ठान के यजमान शोभाराम नामदेव (मदन भैया )ने कहा, "बड़ी खेर माई मंदिर में हर साल होने वाला यह आयोजन हमारे लिए गर्व की बात है। कलशारोहण में शामिल होना सौभाग्य की बात है।"

कलशारोहण का यह अनुष्ठान पूरे वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न होगा। पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ कलश का पूजन किया जाएगा, जिसमें माता के रूप की प्रतीकात्मक उपस्थिति होगी। पूजन और आरती के बाद मंदिर परिसर के ग्राउंड में शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो मंदिर की परिक्रमा के साथ समाप्त होगी। इसके बाद कलश को मंदिर के शिखर पर स्थापित किया जाएगा। आयोजन समिति के राजू नामदेव,चंद्रशेखर हज़ारी,राजेश शर्मा,गोपाल सिंह ठाकुर, संतोष सिंह ठाकुर,कमलेश शर्मा,जितेन्द्र नामदेव,राकेश शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में तेंदूखेड़ा के गणमान्य नागरिक और भक्तजन शामिल होंगे। इस दिव्य अनुष्ठान में वर्णित यजमान भूपत यादव पंचायत सचिव,शोभाराम नामदेव,(मदन भैया)सुधीर पटेरिया,उदयराम राय,बाला साहू,सुदामा साहू,हल्ले भाई यादव,बती बाई लोधी,अयोध्या बाई,कुसुम रानी साहू नित्य पूजन अनुष्ठान कर रहे हैं ।

## सरस्वती वंदना के साथ हुआ प्रवेशोत्सव कार्यक्रम



**रनेह**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रनेह में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ शुरू किया गया जिसमें पंडित कैलाश रिछारिया ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना की सभी अभिभावक, शिक्षक, जनप्रतिनिधि ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। आए हुए सभी बच्चों को टीका लगाकर उनका स्वागत किया तत्पश्चात बच्चों को पुस्तक वितरण प्रदीप तिवारी द्वारा किया गया। प्रभारी प्राचार्य अरविन्द कुमार राजोरिया ने सभी बच्चों को उनके परीक्षा परिणाम की बधाई दी और आगे नए सत्र में खूब पढ़ने और निरन्तर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सुरेश चौबे, सरपंच कन्हैया लाल आदिवासी, जिला पंचायत सदस्य मनीष तंतुवाय, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मोतीलाल अहिरवार, अभिभावकगण, पत्रकारगणों सहित समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

## व्याख्याता का विदाई समारोह का आयोजन



**जबेरा**। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा में पदस्थ व्याख्याता श्रीमती विमला धुर्वे के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत शिक्षक भाव सिंह लोधी ने श्रीमती धुर्वे के योगदान की प्रशंसा की और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक की भूमिका केवल कक्षा में पढ़ाने तक ही सीमित नहीं होती, बल्कि एक मार्गदर्शक, एक प्रेरणा और एक जीवन भर का साथी होता है। शिक्षक का योगदान समाज के निर्माण में अतुलनीय होता है और उनकी शिक्षा का प्रभाव विद्यार्थियों के जीवन पर आजीवन रहता है विदाई समारोह कार्यक्रम का मंच संचालन विद्यालय की शिक्षक राजेश जैन के द्वारा किया गया कार्यक्रम मेंसांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे विनोद मलैया रानू नामदेव, विद्यालय स्टाफ, परिजनों छात्र-छात्राओं ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

# स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेजगढ़ में स्कूल चले हम कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम दिवस प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन किया गया कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों का शिक्षकों द्वारा स्वागत किया गया । प्राचार्य अनरत सिंह ठाकुर द्वारा विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय में उपस्थित रह कर अध्ययन करने के लिए कहा जिससे अच्छा परिणाम आए । हरि सींग यादव द्वारा विद्यार्थियों को नींव मजबूत करने के लिए अभी से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया । प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थित हो और शिक्षकों का सदुपयोग करें । प्राचार्य एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थियों को तिलक लगा कर प्रवेश दिलाया। अतिथियों एवं प्राचार्य द्वारा निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया एवं राज्यस्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण विद्यार्थियों को दिखाया गया । शिक्षक मयंक विश्वकर्मा द्वारा विद्यार्थियों को कल आयोजित कार्यक्रम *भविष्य से भेट कार्यक्रम* की जानकारी दी। कार्यक्रम में हरि सींग यादव, डॉ के आर सोनी, अरविन्द बड़ेराय, मुहम्मद अली, महेश अहिरवाल, पूर्व छात्र अखिलेश अठ्या, पूर्व छात्रा समरीन मनिहार, शिक्षक नारायण राजपूत, संतोष प्रधान, गोकुल प्रसाद, कैलाश चंद्र सोनी, मयंक विश्वकर्मा, भरत अठ्या, दिलीप सिंह, मनोहर इनवाती, प्रांजल ववेले, गजेंद्री मार्को, विवेक गौतम, आशीष, रामेश्वर रोहित सहित समस्त स्टाफ की मौजूदगी रही।

## घाघरी में प्रवेश उत्सव

बनवार। सत्र 2025-26 के प्रथम दिवस पर शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला घाघरी में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली में 7 छात्रों ने प्रवेश लिया और सभी छात्रों को निशुल्क पुस्तकें वितरित की गईं। छात्रों और पालकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधान अध्यापक दीपक उपाध्याय शिक्षक हजारी प्रसाद मुकेश विश्वकर्मा हल्के सिंह राजेश उपाध्याय पियूष सत्येंद्र और अन्य शिक्षकों ने ग्राम में संपर्क कर छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिलाया।

## जबेरा में हुआ प्रवेश उत्सव कार्यक्रम

**जबेरा** । स्कूल चलें हम अभियान के तहत उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता भाव सिंह लोधी ने सरस्वती पूजन, कन्या पूजन और माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य मोहन सेन ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। वरिष्ठ भाजपा नेता भाव लोधी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्य प्रदेश शासन ने शिक्षा के क्षेत्र में अच्छी व्यवस्था की है, जिससे बच्चों को प्रवेश उत्सव के पहले दिन ही पुस्तकें दी जाती हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों के लिए बहुत अच्छा है और इससे उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में पता चलता है। इस कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, मंडल अध्यक्ष बंटी



दुबे, रविशंकर बाजपेई, राजेश सिंघई, विनोद मलैया, रानू नामदेव मुन्नालाल सोनी और स्कूल स्टाफ की उपस्थिति रही। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश सरकार की स्कूल चलें हम अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें अच्छी शिक्षा प्रदान करना है ।

## 65 छात्र-छात्राओं को निः शुल्क पुस्तकें वितरित



**सिंग्रामपुर**। सिंग्रामपुर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिकों, वरिष्ठ शिक्षकों, पालक अभिभावकों और मुख्य अतिथि अमित कुमार साहू, अजय राय, वरिष्ठ रिटायर शिक्षक बहादुर राय की उपस्थिति में कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं का स्वागत तिलक एवं माला पहनाकर मिठाई खिलाकर गणमान्य नागरिकों द्वारा प्रवेश उत्सव कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस दौरान 65 छात्र-छात्राओं को निशुल्क पुस्तकों का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने और छात्रों को प्रेरित करने के लिए आयोजित किया गया था।

## स्कूल चले हम राज्य स्तरीय अभियान का हुआ शुभारंभ



**बटियागढ़** । मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश अनुसार स्कूल चले हम राज्य स्तरीय अभियान का हुआ शुभारंभ जिसमें शक्ति फाउंडेशन एवं समग्र कल्याण समिति द्वारा बटियागढ़ विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला मुहली में जाकर छात्र-छात्राओं को तिलक, पुष्प वर्षा कर सभी बच्चों को टॉफी, बिस्किट से मुंह मीठा कर प्रवेश उत्सव मनाया गया एव बाल सभा का भी आयोजन किया गया और जो पिछली गत कक्षा में अच्छे अंक से पास बच्चों का पेंसिल एवं पेन देकर सम्मान किया गया समिति के अध्यक्ष ने बताया कि यह छात्र-छात्राएं कल का भविष्य है अगर निरंतर ही आप पढ़ाई करते रहेंगे और अच्छे अंकों से परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे तो आप निश्चित ही कलेक्टर तहसीलदार एसडीएम बन सकते हैं अतिथि शिक्षक ऋषि राज पटेल ने सभी सदस्यों का तिलक से स्वागत किया जिसमें प्राथमिक शिक्षक श्रीमती शशिप्रभा जैन, भूपेंद्र सिंह लोधी, अतिथि शिक्षक ऋषिराज पटेल आकाश पटेल प्रताप पटेल सुमित पटेल एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।।

## ग्राम भाट खमरिया में मनाया प्रवेश उत्सव

बनवार। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार ग्राम भाट खमरिया हाई स्कूल में प्रवेश उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह की उपस्थिति में 15 बच्चों ने कक्षा नवमी में प्रवेश लिया। बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया और उन्हें पुस्तकें वितरित की गईं। कार्यक्रम में प्राचार्य कमल सिंह ठाकुर, सुरजीत सिंह ठाकुर, राम रतन मिश्रा, मदन मोहन द्विवेदी, हल्के सिंह, दिनेश कुमार साहू, राजदीप तिवारी, जवाहर अहिरवार, दीपिका पाटकर और विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### छात्र ने किया आत्महत्या का प्रयास

**दमोह।** मंगलवार दोपहर कक्षा 9वीं के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टर के द्वारा हालत गंभीर बताई जाने पर तत्काल ही जबलपुर रेफर कर दिया। जिसकी हालत अब पहले से ठीक बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेरा निवासी 15 वर्षीय द्वारा कक्षा 9वीं के कुछ पेपरो में फेल हो जाने पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। बच्चे की हालत अब ठीक है।

### झोपड़ी में लगी आग, बच्ची और मां झुलसी, हालत गंभीर

**दमोह।** जिले के गैसाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गर्रे गांव के खेत में बनी झोपड़ी में अचानक आग लग जाने से 1 वर्ष की बच्ची रजनी को बचाते समय मां भी बुरी तरह झुलस गई जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए खेत मालिक व परिजनों द्वारा दमोह जिला अस्पताल लाया गया जिसका उपचार जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में चल रहा है। ड्यूटी रत डॉक्टर दिव्यांशु अवस्थी के द्वारा बच्ची की हालत गंभीर बताई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल्लो पति सजीवन आदिवासी उम्र 26 वर्ष देवरा जामसा जब नहा रही थी, तभी बच्ची खेल रही थी। उसी समय अचानक आग लग गई.जिससे बच्ची पूरी तरह से झुलस गई। तभी मां ने देखा,तो उसे बचाने का प्रयास किया तो वह भी झुलस गई जिससे मां और बेटी बुरी तरह झुलस जाने पर जिला अस्पताल के वार्ड में इलाज रत है।

तारादेही थाना के बासी ग्राम की घटना, आरोपी आया पुलिस की गिरफ्त में

# लूट की नीयत से घर में घुसकर युवक ने ली वृद्ध महिला की जान

### हत्या के बाद वृद्धा के शव को घसीटते हुए बाहर भी लेकर आया आरोपी, ग्रामीणों ने सूझबूझ से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

जिले तारादेही थाना अंतर्गत ग्राम बासी में मंगलवार को एक वृद्ध महिला की पत्थर पटक कर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना को अंजाम देने वाला आरोपी कुख्यात बदमाश बताया जा रहा है, जिसने घटना के बाद उसे पकड़ने आए 2 अन्य लोगों को भी तलवार से हमला कर घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी ने लोगों को डराते धमकाते हुए मौके से भागने का प्रयास किया परंतु ग्रामीणों ने सूझबूझ और घेराबंदी कर आरोपी को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। प्रारंभिक जानकारी में हत्या के पीछे की वजह आरोपी द्वारा लूट के इरादे से घर में घुसना सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि मृतिका अपने घर ने अकेली रहती थी और आरोपी भी उसके पड़ोस में ही रहता था। मामले के सभी पहलुओं की जांच पुलिस कर रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार तारादेही थाना क्षेत्र के ग्राम बासी में मंगलवार सुबह करीब 8.30 बजे आरोपी मुकेश पिता सुटई यादव उसके पड़ोस में रहने वाली मूलाबाई पति भुजआ अहिरवार 70 वर्ष के घर लूट नीयत से घर में घुसा और इस दौरान वृद्धा जब नहाकर कपड़े पहनने के लिए अंदर जा रही थी तो उसने वृद्धा के साथ मारपीट करते हुए उसके गले में पड़ा सोने का ताबीज और नाक की नथ खींची। इस दौरान वृद्धा ने उसका विरोध करना शुरू किया तो आरोपी ने घर के अंदर रखे पत्थर को सिर पर पटककर उसकी हत्या कर दी।



#### शव को घसीटकर लाया बाहर

घटना के बाद आरोपी महिला के शव को घसीटते हुए घर से बाहर सड़क पर ले आया और शव को बाहर छोड़कर उसकी नथ और ताबीज अपने साथ लेकर घर चला गया। घटना की जानकारी ग्रामीणों को मिलते ही वह सकते में आ गए और इस दौरान वृद्धा के परिजन बृजेश बेन और पप्पू बेन जो रिश्ते में भाई है वह आरोपी को पकड़ने उसके घर पहुंचे तो आरोपी ने घर से तलवार लाकर उनपर भी हमला कर दिया जिससे दोनों घायल हो गए।

#### घेराबंदी कर पकड़ा आरोपी को

बताया जाता है की घटना के बाद आरोपी लोगों को डराते धमकाते और उन पर पत्थर फेंकते हुए भागने का प्रयास करने लगा। इसके बाद ग्रामीणों ने उसका पीछा किया और गांव के बाहर घेराबंदी कर एक खेत के समीप उसे पकड़ लिया और उसे रस्सी से बांध दिया। घटना की जानकारी पुलिस को दिए जाने के बाद मौके पर पुलिस के पहुंचने पर आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने घटना में घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में भर्ती कराते हुए आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ और कार्यवाही शुरू कर दी है।

#### एक्सपर्ट कर यह जांच

घटना के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश सागर और दमोह से एफएसएल और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम मौके पर पहुंची और उनके द्वाराघटनास्थल की सूक्ष्मता से निरीक्षण करते हुए साक्ष्यों का संकलन किया है।हत्या में उपयोग किया गया पत्थर भी पुलिस ने जब्त कर लिया है और वृद्धा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। घटना के बाद तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे और इसके बाद तेन्दूखेड़ा एसडीओपी डीएस ठाकुर भी मौके पर पहुंचे और परिजनों के बयान लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। घटना के बाद भीड़ और रोष को देखते हुए थानों की पुलिस को पहले से ही अलर्ट कर दिया गया था।

#### इनका कहना है

घटना में प्रयुक्त हथियारों को जप्त करते हुए आरोपी पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्यवाही जारी है।

**राजीव पुरोहित**
**तारादेही थाना प्रभारी**

सरपंच ने पूछा तो ठेकेदार का कहना कलेक्टर से अनुमति

# रेलवे ठेकेदार द्वारा बिना पंचायत की अनुमति से खनन कर खोद डाले जगह जगह गहरे तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

रेलवे की तीसरी लाइन का काम चल रहा है इसके चलते ठेकेदार को काफी अधिक मात्रा में मुरम की जरूरत है जिसके लिए पहले तो जगह जगह तालाब जैसे गहरीकरण कर मुरम निकाल ली। क्षेत्र में विगत एक वर्ष से ज्यादा समय से यह खेल चल रहा है। अवैध कारोबार इतने चरम पर चल रहे है लेकिन उसके बाद भी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को कोई ध्यान नही आखिर हो भी क्यों सब चहेते लोग कर रहे हैं कार्यवाही के नाम पर कई बार चर्चा अधिकारी स्वयं करते थे कि क्या करें। रेल्वे द्वारा तीसरी लाइन के लिए ग्राम बेलखेड़ी में अवैध रूप से मुरम का खनन किया जा रहा था जिसकी शिकायत की गई, तो खनिज विभाग के अधिकारी ने विगत दिवस मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की गई जहां 3 डंफर व 2 कोकलेन मशीन जब्त की। एसजीएस कंपनी जो कि रेल्वे की तीसरी लाइन का काम कर रही है लेकिन सोचने वाली बात कि जिस पंचायत में इतना खनन हो रहा उस पंचायत से ठेकेदार ने अनापत्ति प्रमाण पत्र तक नही लिया। वही इस संबध में बेलखेड़ी सरपंच उन्नति विकास मुखरैया का कहना है कि रेल ठेकेदार द्वारा पंचायत से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र नही लिया और खनन जारी है जिसको लेकर जिला कलेक्टर को जनसुनवाई में भी आवेदन दिया है।




## शीतल जल सेवा का हुआ शुभारंभ...




**दमोह।** गर्मी के मौसम की शुरुआत हो गई है,ऐसे समय राहगीरों को ठंडे पानी की आवश्यकता होती है। दमोह जिलाधीश द्वारा सामाजिक संगठनों से ठंडे पानी की व्यवस्था हेतु,आव्हान किया गया। इसी कड़ी में,लायंस क्लब दमोह दमयंती द्वारा शीतल जल सेवा (प्याऊ) की व्यवस्था की गई। ऐसे कार्यों के प्रेरणास्त्रोत कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की उपस्थिति में प्याऊ को प्रारंभ किया गया। बस स्टैंड के पास,बालकोट रोड पर आज लायंस क्लब के सदस्यों की उपस्थिति रही। लायंस क्लब दमोह दमयंती के अध्यक्ष लायनेस राजेन्द्र सिंह बग्गा ने सारी व्यवस्थाओं को मूर्त रूप दिया। ला.ब्रजेन्द्र राठौर, ला.आलोक असाटी का सहयोग रहा। ला.केप्टिन वाधवा ने सभी का आभार माना।

## आग लगने से तीन ट्राली गेंहू जलकर खाक



**झलौन।** जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम झलौन में अज्ञात कारणों के चलते आग लगने से अनाज जलकर खाक हो गया। हादसे में किसी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ लेकिन परम गौंड पिता ज्ञानी गौंड की टपरिया एवं श्रीबाई उर्फ गुलाबरानी गौंड पति आशाराम गौंड की तीन ट्राली गेहूं की फसल जलकर ख़ाक हो गई। राजस्व निरीक्षक धनीराम तेकाम द्वारा मौके का जायजा लेकर पंचनामा बनाकर कार्यवाही की गई।

# जेल में 30 बंदी रख रहे नवरात्र के उपवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नवरात्रि पर उपजेल हटा का माहौल धर्ममय हो गया है। यहां पर भजन कीर्तन तो रोज होता है, लेकिन नवरात्रि में विशेष पूजन, भजन का दौर शुरू हो गया है। पहले दिन से ही मातारानी के भजन कीर्तन का दौर शुरू हुआ। यह सिलसिला 9 दिनों तक जारी रहेगा। यही नहीं नवरात्रि में 30 बंदियों ने उपवास भी रखा है। सजा देने के साथ जेल में सुधार कार्य लगातार जारी है। यहां निरूद्ध बंदियों को धर्म-कर्म से जोड़ने के लिए नवरात्रि उत्सव मनाया जा रहा है। यहां पर 30 बंदियों ने 9 दिनों का उपवास भी रखा है। उनके लिए जेल में फलाहार की व्यवस्था भी की गई है। है। जेल अधीक्षक नागेंद्र चौधरी ने बताया कि उपवास रखने वाले बंदियों का पहले स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य समस्या पाए जाने पर बंदियों को उपवास नहीं रखने की सलाह दी जाती है। उन्होंने बताया जिन बंदियों ने उपवास रखा है, उनके लिए जेल प्रशासन द्वारा फलाहार की व्यवस्था पूरे 9 दिनों तक की जाएगी। उन्होंने बताया कि जेल की सुरक्षा पर ध्यान दिया जा रहा है। रोजाना बंदियों की तलाशी भी ली जा रही है।



#### जेल का रहता है धार्मिक माहौल

जेल का माहौल धार्मिक रखने के लिए यहां पर प्रार्थना स्थल बनाया गया है। जहां पर शिव मंदिर, हनुमान मंदिर सहित देवी-देवताओं की मूर्ति स्थापित की गई है। इस स्थान पर हर धर्म के अनुयायी प्रार्थना कर सकते हैं। रोजाना रामायण पाठ भी किया जाता है। जेल अधीक्षक ने बताया कि नवरात्रि में विशेष भजन कीर्तन हो रहा है, जिसमें माता दुर्गा की आराधना प्रमुखता से की जाती है।

पुरानी एवं नये संस्थान पर जमकर विरोध प्रदर्शन

# पटेरा में नगर से बाहर शराब दुकान खोलने की मांग, महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन

### भगवती मानव कल्याण संगठन के नेतृत्व में तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

नगर में शराब बिक्री हेतू कलारी (अधिकृत दुकान) को लेकर विरोध प्रदर्शन 31 मार्च से लगातार जारी है। महिलायें दोनो ही स्थानों पर बैठकर धर्म प्रभावना कर रही है जहां पहले कलारी थी उस स्थान पर विरोध पहले से है तो जहां नई कलारी खुलना प्रस्तावित है वहां पर मंदिर होने के साथ ही शराब दुकान पर असमाजिक तत्वों का जमावडा पी कर बहकने व माहौल गंदा होने से महिलाये दोनो ही स्थानों पर विरोध में जुटी है। भगवती मानव कल्याण संगठन व शक्ति चेतना पार्टी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन कर एक ज्ञापन प्रभारी तहसीलदार राजेश सोनी को सौंपकर उन्हे सुरक्षा की मांग की एवं शराब दुकान नगर से बाहर खोले जाने के बाद ही अपने प्रदर्शन को खत्म करने की बात कही। तहसीलदार श्री सोनी ने कहा कि वहां वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर संबंधित से बात करेंगे एवं आपकी भावनाओं को अवगत करायेंगे। पुलिस से सुरक्षा देने वह पत्र भेजेगें।






# प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे संयुक्त संचालक शिक्षा



**झलौन।** मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार शिक्षा विभाग का प्रवेशोत्सव कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलौन में संयुक्त संचालक (जी डी)संभाग सागर के मनीष वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न कराया गया। जिसमें विद्यार्थी,अधिकारी,शिक्षकों, अभिवावकों के बीच टीवी के माध्यम से भोपाल में मुख्यमंत्री द्वारा संबोधन किया गया उसको सामूहिक रूप देखा गया। उसके पश्चात माँ सरस्वती जी को मल्यार्पण धूप दीप जलाकर पूजन कर।बच्चों को तिलक लगाकर और पुस्तकों का वितरण किया गया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि चक्रेश जैन, समाज सेवी चंद्र प्रताप सिंह तेकाम, प्रभारी प्राचार्य अशोक साहू, शिक्षक रूप सिंह ठाकुर डी के जैन,गुड्डू बैन,राजा दुबे, रामशंकर रैकवार आदि लोगों की उपस्थिति रही। जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम झलौन अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जिसमें जन धन की हानि तो नहीं हुई लेकिन परम गौंड पिता ज्ञानी गौंड की टपरिया एवं श्रीबाई उर्फ गुलाबरानी गौंड पति आशाराम गौंड की तीन ट्राली गेहूं की फसल जलकर ख़ाक हो गई। राजस्व निरीक्षक धनीराम तेकाम द्वारा मौके का जायजा लेकर पंचनामा बनाकर कार्यवाही की गई।

# तिलक लगाकर कराया प्रवेशोत्सव



**दमोह।** सीएम राइज उमावि विद्यालय दमोह में नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 प्रारंभ के अवसर पर जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे की मौजूदगी में कार्यक्रम मनाया गया। विधायक श्री मलैया ने निर्मित विद्यार्थी साइकिल स्टैंड शेड का लोकार्पण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी, संतोष रोहित , भीम पटेल , संजय सेन सुरेश पटेल , डीपीसी मुकेश द्विवेदी एडीपीसी शैलेंद्र असाटी ,एपीसी मोहन राय विकासखंड शिक्षा अधिकारी दमोह ,BRC एवं बालकों की गरिमामय में उपस्थिति रही। इस दौरान विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा द्वारा किया गया। नवप्रवेशी 08 घुमक्कड़ परिवारों के बच्चों का प्रवेश किया गया। सभी बच्चों को निशुल्क पाठ पुस्तक वितरण किया गया। कक्षा में प्रथम स्थान एवं अधिकतम उपस्थिति वाले छात्रों का शील्ड प्रदान कर सम्मान किया गया। विद्यालय की ओर से चार शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान किया गया। विद्यार्थियों पालकों, जन प्रतिनिधियों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समापन उपरांत विद्यार्थियों के लिए बिस्कुट पैकेट का वितरण किया गया।

# हर्षोल्लास से हुआ प्रवेश उत्सव कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेरा में नवीन सत्र के लिये प्रवेश उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर सरस्वती पूजन से हुआ। बच्चों का उत्साह वर्धन कर पुस्तक वितरण व प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों में विधायक प्रतिनिधि भरत पटेल, अरविंद्र ताम्रकार, दुलीचंद अहिरवार, नप उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, बलराम पटेल, पार्षद एवं जिला योजना समिति सदस्य पुष्पेन्द्र सोनी, नरेंद्र बजाज, महेश ताम्रकार, हरप्रसाद चौरसिया, पेंशनर्स एसोसियेशन तहसील अध्यक्ष मोहन ताम्रकार, डॉ सत्यम सिंह राजपूत, सेवानिवृत शिक्षक महेश जैन, प्रकाश गुप्ता, मुन्नालाल अवधिया, अरविंद सिंह परिहार एवं पत्रकारगणों सहित सम्माननीय शिक्षकगण विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। संस्था प्राचार्य जे एस अहिरवार के साथ शिक्षक स्टाफ ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने भी विद्यार्थियों से नियमित शाला आने व शिक्षकों से अच्छा परिणाम लाने हेतू समयानुसार शिक्षण कार्य करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से छात्र-छात्राओं ने नियमित स्कूल आने एवं पढाई करें व शिक्षकों ने शासन की मंशा अनुसार शिक्षण कार्य कराने की शपथ ली। कक्षा 9वीं, 11 वीं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। प्रारंभ में जेएस अहिरवार ने प्रवेश उत्सव पर प्रकाश डाला। संचालन कमलेश शर्मा ने किया। आभार विनय जैन ने माना।



# प्रवेश उत्सव समारोह मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहगढ़ विकास खण्ड पथरिया में प्रवेश उत्सव समारोह हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 1 अप्रैल 2025- में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। प्रवेश उत्सव समारोह जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नरसिंहगढ़ से सरपंच प्रतिनिधि महोदय पंडित राजेंद्र बिदोल्या ने छात्रों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण कर मन लगा कर पढ़ाई कर नरसिंहगढ़ एवं अपना नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य पथरिया श्रीमती ललती मोदी/संतोष मोदी जी रहे। कक्षा नवमी से 12वीं के छात्राओं के लिए मध्य प्रदेश शासन से निःशुल्क पाठ पुस्तक एवं अन्य शिक्षण सामग्री वितरित की गई। छात्रों ने प्रसन्न होकर कक्षा में प्रवेश लिया तथा प्राचार्य महोदय शीलचंद जैन ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और छात्रों से मन लगा कर पढ़ाई कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। जिसमें विद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।